Indian National Trust for Art and Cultural Heritage
INTACH

INTACH Jharkhand State Chapter
8 & 10, N-Road, Bistupur
Jamshedpur - 831001, Jharkhand
Tel. : +91-657-2320109
E-mail : intach_jhkchapter@gmail.com
Website : www.intach.org

Date: 30.04.2018

**The Principal**
**Jamshedpur Women's College**
Kharkai Link Road, Bistupur,
East Singhbhum, Jamshedpur,
Jharkhand 831001

**Dear Madam,**

Please accept our sincere thanks for your kind support in planning and executing World Heritage Day Celebration in a befitting way in your esteem institution.

You must have been informed by students and Coordinating teachers about the excitement and enthusiasm among students in this program. Many of them wished to visit these places with their family and friends in future.

We may plan more such Walks in future to encourage the students "to know their city". In a collective move we, together with you, can also plan to visit

- ✓ Amadubi-Village of Scroll Painting

Hoteliers and Car Rentals will soon be provided with leaflet by INTACH to promote tourists to visit such places with our guides (picked up by us from local colleges). Who will be trained by us. Students from History & Geography may be promoted for these activity.

You can make these tours as part of their curriculum for the students of History and Geography.

This can be a good effort to make this program a sustainable one.

We look forward to your kind suggestion. Please feel free to suggest us your opinion.

Kind regards
Yours truly

**Amitava Ghosh**
**Co-convener, INTACH**

# "विश्व धरोहर दिवस"

जमशेदपुर शहर में कई पुरातन इमारते, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, क्लब, पुस्तकालय एवं अन्य धरोहर अवस्थित हैं | विकास की गति में इन बचे हुए धरोहरों से प्रत्यक्षतः रु-ब-रु करने के उद्येश्य से **"विश्व धरोहर दिवस"** के अवसर पर शहर के छात्रों एवं शिक्षकों के साथ INTACH, झारखण्ड चैप्टर, जमशेदपुर इकाई ने 3 दिवसीय **Heratage Walk (धरोहर भ्रमण) का कार्यक्रम** दिनांक 17.04.2018 शुरू किया| दिनांक 17.04.2018 को सुबह 7.30 बजे जमशेदपुर महिला महाविद्यालय की 40 छात्राओं एवं 2 प्राध्यापिकाओं को **"वास्तु धरोहर, प्राकृतिक धरोहर, सांस्कृतिक धरोहर** के संरक्षण के बारे बताया गया। झारखण्ड के अमूल्य धरोहर जैसे छौ नृत्य, दासाईं, धोंगेड, फिरकल नृत्य, पय्टकर चित्रकला आदि के संरक्षण में सरकार एवं व्यक्ति का योगदान के जरुरत पर प्रकाश डाला गया तथा शैक्षणिक स्तर पर शोध, सेमिनार करने पर भी बल दिया गया |








दिनांक 18.04.2018 को **"प्राकृतिक धरोहर पैदल भ्रमण"** (Natural Heritage Walk) के तहत जमशेदपुर महिला महाविद्यालय की 40 छात्राओं एवं प्राध्यापिकाओं के साथ जुबिली पार्क जैविक उद्यान का भ्रमण किया गया | इस अवसर पर प्राकृतिक धरोहरों के बारे में INTACH के पदाधिकारी एवं डॉ सीमा रानी, वनस्पति विज्ञानी ने जीवन चक्र, भोज्य श्रृंखला, विभिन्न वनस्पतियों, पशुओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की | जल संरक्षण, वन संरक्षण, जीव संरक्षण के बिभिन्न पहलुओं पर श्री अमिताभ घोष, सह संयोजक, INTACH झारखण्ड चैप्टर ने छात्राओं को बताया | Contour, Ridge Line आदि प्राकृतिक संरचना से भी उनका परिचय कराया गया |



डॉ सीमा कुमारी, जीवविज्ञानी , टाटा Zoo : छात्राओं को प्राकृतिक धरोहर संरक्षण के बारे समझाते हुए

जमशेदपुर महिला महाविद्यालय के छात्रा तितली घर में उनका जीवन चक्र समझते हुए



डॉ सीमा कुमारी, जीवविज्ञानी, टाटा Zoo में श्री अमिताभ घोष के साथ धरोहर संरक्षण के बारे समझाते हुए |



दिनांक 19.04.2018 को श्री अमिताभ घोष, सह संयोजक, INTACH झारखण्ड चैप्टर के द्वारा छात्राओं को **जमशेदपुर के वास्तु धरोहर** से परिचित कराया गया | एक **virtual** Architecture Heritage Walk PPT के माध्यम से कराया गया मानो सच में कोई पदयात्रा शुरू हुई| इसमें शहर स्थित 17 धरोहरों तिलक पुस्तकालय, चुनाशाह बाबा मजार, TISCO N रोड गेट, बिष्टुपुर मस्जिद, घासी क्लब, जमशेदपुर एथलेटिक क्लब, G टाउन क्लब, SNTI, St. Marry's चर्च,बिष्टुपुर गुरुद्वारा, रामकृष्ण मिशन विवेकानंद सोसाइटी, मद्रासी सम्मेलनी, महाराष्ट्र हितकारी मंडल, गुजराती सनातन समाज, मिलानी, रीगल बिल्डिंग एवं KMPM कॉलेज बन ने और संबरने का कहानी उन को आकर्षक ढंग से समझाया गया | INTACH, झारखण्ड चैप्टर, जमशेदपुर इकाई की तरफ से सह संयोजक श्री अमिताभ घोष एवं INTACH, झारखण्ड चैप्टर की सदस्या सुश्री देवला मुर्मू ने उपस्थित 121 छात्राओं एवं 7 शिक्षकों को इन धरोहरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी |

INTACH , झारखण्ड चैप्टर, जमशेदपुर इकाई के इस कार्यक्रम को समाज के अन्य वर्गों ने भी काफी सराहा है एवं नागरिकों ने आमलोगों के लिए भी ऐसे कार्यक्रम को आयोजित करने का आग्रह किया है| भविष्य में INTACH द्वारा अन्य कई ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर आम जन मानस को अपनी धरोहरों के संरक्षण के लिए संवेदनशील करने की योजना है|

INTACH, झारखण्ड चैप्टर ने जमशेदपुर शहर की धरोहरों से यहाँ की नई पीढ़ी को अवगत कराने का एक प्रयास किया| अपनी इसी कड़ी में INTACH झारखण्ड के Co-Convenor श्री अमिताभ घोष शहर के विभिन्न विद्यालयों के साथ तथा Jamshedpur Women's College में कार्यशाला आयोजित कर प्राकृतिक तथा वास्तू धरोहरों के महत्व एवं उनके संरक्षण करने का कार्यक्रम क्रियान्वित किये| छात्राओं ने काफी उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया एवं धरोहरों को संरक्षित करने का संकल्प लिया |



